वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2,रफी मार्ग, नई दिल्ली –110001

सं.6–16(15)/2009–ई.III

दिनांक : 20 अप्रैल, 2011

## कार्यालय ज्ञापन

सीएसआईआर मुख्यालय/एचआरडीजी/एचआरडीसी/आरएबी/आईपीएमडी/यूआरडीआईपी के स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि एआरपी/एपीएआर/एसीआर फार्म सीएसआईआर की वेबसाइट www.csir.res.in पर उपलब्ध हैं । स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट से इन फार्मों को स्वयं डाउनलोड करें तथा 'स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट' भरकर 20 मई, 2011 तक प्रस्तुत करें । यह कार्यालय इन एआरपी/एपीएआर/एसीआर में छुट्टी आदि से संबंधित आवश्यक प्रविष्टियां रिकॉर्ड करने के बाद इन्हें संबंधित रिपोर्टिंग और रिव्यूइंग अधिकारियों को अग्रेषित करेगा। तथापि, स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने स्व–मूल्यांकन फार्मों को प्रस्तुत करते समय इस कार्यालय को अपने रिपोर्टिंग और रिव्यूइंग अधिकारियों के नामों की सूचना दें ।

2. एचआरडीजी/एचआरडीसी/यूआरडीआईपी में तैनात स्टाफ सदस्य अपने स्व–मूल्यांकन उक्त तारीख तक अपनी स्थापनाओं को प्रस्तुत करेंगे जो उन्हें छुट्टी आदि से संबंधित प्रविष्टियां रिकॉर्ड करने के बाद आगे की कार्रवाई करने के लिए इस कार्यालय को अग्रेषित करेंगे ।

3. समूह– IV के वैज्ञानिकों के लिए नई निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली विकसित/अभिकल्पित की गई है और यह विस्तृत अनुदेशों सहित सीएसआईआर की वेबसाइट पर उपलब्ध है । अनुरोध है कि समूह– IV के सभी वैज्ञानिक इसे देखें और तदनुसार आगे की आवश्यक कार्रवाई तथा रिपोर्टिंग एवं रिव्यूइंग हेतु अपने मूल्यांकन इस कार्यालय को प्रस्तुत करें । यह कार्यालय रिपोर्टिंग एवं रिव्यूइंग हेतु इनको अग्रेषित करने से पहले इनमें छुट्टी आदि से संबधित आवश्यक प्रविष्टियां रिकॉर्ड करेगा।

4. यदि स्टाफ का कोई सदस्य निर्धारित तारीख के भीतर स्व–मूल्यांकन प्रस्तुत नहीं करता है तो यह मान लिया जाएगा कि संबंधित व्यक्ति कोई स्व–मूल्यांकन प्रस्तुत नहीं कर रहा है । ऐसे मामलों में यह कार्यालय संबंधित रिपोर्टिंग अधिकारी से अपने स्तर पर उस व्यक्ति की एआरपी/एपीएआर/एसीआर प्रस्तुत करने के लिए अनुरोध करेगा।

**पुन: दोहराया जाता है कि ये एआरपी/एपीएआर/एसीआर फार्म सीएसआईआर की वेबसाइट (पुरानी वेबसाइट) पर ' कैरियर एंड अवसर (फार्म)' शीर्ष के अंतर्गत उपलब्ध हैं तथा इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है । समूह–IV के वैज्ञानिकों के लिए नई निष्पादन मूल्यांकन प्रणाली नई वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे वहां से डाउनलोड किया जा सकता है ।**

सु०कु० यादव 20/4
(एस. के. यादव)
अनुभाग अधिकारी

प्रतिलिपि :–
सीएसआईआर मुख्यालय/सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स/ईएसडी/आरएबी/एचआरडीसी/आईपीएमडी/यूआरडीआईपी/एमबीएसए/विज्ञान केन्द्र के सभी प्रभागों/अनुभागों के प्रधानों से अनुरोध है कि वे इसे सभी संबंधितों के ध्यान में लाएं ।